No. of Printed Pages : 4

ई.एच.डी.-8

00651

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2012

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-8 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *इस प्रश्न पत्र में **तीन खंड** हैं। खंड **'क'** से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। खंड **'ख'** से **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिये। खंड **'ग'** **अनिवार्य** है।*

खंड-क

निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। **2x20=40**

1. लिपि और वर्तनी का परस्पर संबंध स्पष्ट करते हुए देवनागरी लिपि के मानकीकरण की समस्याओं पर विचार कीजिए।

2. प्रयुक्ति से आप क्या समझते हैं? हिंदी की विभिन्न प्रयुक्तियों और उनके व्यवहार क्षेत्र की चर्चा कीजिए।

3. 'संविधान में हिंदी' विषय पर एक निबंध लिखिए।

4. टिप्पणी लेखन की प्रमुख विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

5. वैज्ञानिक और तकनीकी भाषा की विशेषताएँ बताते हुए वैज्ञानिक और तकनीकी भाषा के रूप में हिंदी की स्थिति पर अपना मंतव्य दीजिए।

खंड-ख

6. निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** पर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में टिप्पणियाँ लिखिए। **4x10=40**

(क) हिंदी की वाक्य संरचना

(ख) पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण

(ग) प्रशासनिक पत्राचार के प्रकार

(घ) विज्ञापन की भाषा

(ङ) समाचार लेखन के सिद्धांत

(च) वाणिज्य की हिंदी के प्रयोग-क्षेत्र

(छ) राजभाषा आयोग और समितियाँ

(ज) प्रतिवेदन लेखन की विशेषताएँ

खंड-ग

इस खंड के सभी प्रश्न ***अनिवार्य*** हैं।

7. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **50** शब्दों में दीजिए। **5x2=10**
   (क) हिंदी वर्तनी में अनेकरूपता
   (ख) हिंदी के प्रकार्य
   (ग) संविधान की आठवीं अनुसूची
   (घ) प्रेस विज्ञप्ति
   (ङ) समाचार में 'आमुख' या 'इंट्रो'

8. निम्नलिखित में से ***सही*** अथवा ***गलत*** कथन की पहचान कीजिए।
   (क) संवाददाता समाचार संपादन का कार्य करता है। **3x1=3**
   (ख) तकनीकी हिंदी में अंग्रेजी शब्दों का भी इस्तेमाल होता है।
   (ग) भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी है।

9. कोष्ठक में से उपयुक्त शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए। **3x1=3**
   (क) विराम चिह्नों का प्रयोग __________ भाषा में होता है। (मौखिक / लिखित)
   (ख) कर्मचारियों की नियमित छुट्टी की मंजूरी के लिए __________ का प्रयोग किया जाता है। (कार्यालय ज्ञापन / कार्यालय आदेश)
   (ग) कंप्यूटर अनुवाद का सबसे अधिक प्रयोग __________ साहित्य के संदर्भ में किया जाता है। (वैज्ञानिक / सर्जनात्मक)

10. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी पर्याय बताइए। **4x1=4**
   (क) Radiation
   (ख) Promotion
   (ग) Inspection
   (घ) Accountant